तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शनिवार 16 दिसंबर 2023



12 घरों में पानी पहुंचाने पानी टंकी निर्माण का भूमिपूजन





11 पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक विकास व स्वस्थ रहने ...






## खबर संक्षेप

### चंद्राकर स्मृति दिवस 25 को मनाया जाएगा

**अंडा।** पन्नालाल चन्द्राकर का 43 वां स्मृति दिवस समारोह 25 दिसंबर को मनाया जाएगा। दीप प्रज्ज्वलन सुबह 11 बजे, मानस गान दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक ग्राम रिसामा दुर्ग में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, चित्रलेखा चन्द्राकर सह परिवार, विशेष अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग पुष्पा यादव, अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुख आदि होंगे। कार्यक्रम में श्रद्धांजलि एवं अतिथियों द्वारा निराश्रित को दान प्रदान किया जाएगा। यह जानकारी सरपंच प्रतिनिधि बैकुंठ महानंद ने दी है।

### कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**बालोद।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने जिले में आज से आयोजित होने वाले 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के सफलतापूर्वक आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बिलकुल भी बर्दाश्त नही की जाएगी। कलेक्टर शर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम के आयोजन हेतु विस्तृत दिशा–निर्देश दिए हैं।
इस दौरान उन्होंने आयोजन से जुड़े तैयारियों की समीक्षा भी की। इस दौरान कार्यक्रम स्थल में 'मेरी कहानी मेरी जुबानी', धरती करे पुकार, स्वच्छता गीत आदि के प्रस्तुती के संबंध में जानकारी ली।

### महंत को मनाने पहुंचे ढेबर

**रायपुर।** महापौर एजाज ढेबर गुरुवार देर रात रायपुर दक्षिण विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी व दूधाधारी मठ के महंत रामसुंदर दास से मिलने पहुंचे। सूत्रों के मुताबिक श्री ढेबर ने महंत रामसुंदर दास से कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा वापस लेने का आग्रह किया। महंत को मनाने पहुंचे एजाज ढेबर अकेले ही उनके पास गए थे। महंतजी इस्तीफा वापस लेने के लिए माने या नहीं, इस पर सस्पेंस है।

### फुटबाल खिलाने से मना करने पर मारपीट

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाने में एक युवक ने अन्य दो युवकों तथा उनके साथियों के खिलाफ फुटबाल खेलने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। निलेश वर्मा ने सतखोजन बंजारे, प्रताप बंजारे तथा उनके अन्य साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। निलेश ने पुलिस को बताया कि वह बच्चों के साथ फुटबाल खेल रहा था। इसी दौरान सतनखोज और उसके साथी मैदान में पहुंचे और निलेश तथा बच्चों के साथ फुटबाल खेलने की बात कही। मना करने पर सतनखोज तथा उसके साथियों ने निलेश के साथ मारपीट की।

### सूने मकान में धावा दो लाख की चोरी

**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाने में एक व्यक्ति ने अज्ञात के खिलाफ उसके सूने मकान से 90 हजार रुपए नकदी सहित दो लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रोफेसर कॉलोनी मलसाय तालाब निवासी राहुल जोशी ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है।

# पेयजल आपूर्ति में गंभीर लापरवाही, घरों में पानी के साथ निकल रहा जोक

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अर्जुन्दा

लोगों को घर तक साफ पानी मुहैया कराने के उद्देश्य से नल जल योजना की शुरूआत की गई। लेकिन नल जल योजना में गंदे पानी की शिकायत अक्सर आती ही रहती है। यह पहली बार है कि अर्जुन्दा नगर से लगे टिकरी गांव में नल जल योजना के तहत बिछाये गये पाईप लाइन से पानी के साथ जोंक आ रहा है। घटना टिकरी गांव के वार्ड क्रमांक 8 के रहने वाले लाभेश साहू के घर की है। जिसके घर नल जल योजना के तहत लगाये गये नल में तीन माह में चार बार जोंक निकलने की जानकारी सामने आई। जब लाभेश के घर के नल में जोंक निकलने के जानकारी आसपास के लोगों को हुई तो वह अब नल के पानी को पीने से कतराने लगे हैं।

### तीन माह के भीतर चार बार निकल चुका जोंक






#### चार माह में नहीं सुधरी फूटी पाइप लाइन

टिकरी गांव के वार्ड क्रमांक एक में चार माह से पाईप लाईन फूटी हुई है, जिसकी जानकारी उस वार्ड के निवासी दीपक कुर्रे अपने वार्ड के पंच और नल पाईप की मरम्मत करने वाले प्लंबर को दे चुके हैं। लेकिन चार माह बीत जाने के बाद भी आज पर्यन्त तक उसक मरम्मत नहीं हुआ है। ऐसे ही पाईप लाईन फूटने के कारण पानी के साथ गंदगी नल में आती है और लोग इसी पानी को पीकर बीमार हो जाते हैं। जोंक निकलने के मामले को सुनकर टिकरी सरपंच अहिल्या चुरेन्द्र भी हैरान है, उन्होंने कहा कि मुझे इस घटना की जानकारी नहीं है और जांच कराने की बात कही। वहीं वार्ड एक में फूटी पाईप लाईन को जल्द सुधार करने की बात भी सरपंच ने की।

#### जोंक निकलने से हैरान लोग

मिली जानकारी के अनुसार टिकरी गांव में नल जल योजना के तहत बिछाए गये पाईप में पानी की सप्लाई सीधे बोर के माध्यम से की जाती है। लेकिन लाभेश साहू के घर एक नहीं चार बार नल के माध्यम से जोंक निकलने से लोग हैरान व आश्चर्यचकित हैं।

**15 दिन पहले पाईप हो रहा था लीकेज :** टिकरी गांव के वार्ड क्रमांक 6 के पंच रवि मांडले ने बताया कि 15 दिन पहले उनके वार्ड के एक स्थान पर नल जल योजना के ▸▸ शेष पेज 10 पर

**समस्या :** सड़क हादसे में घायल युवक दूसरे दिन चला गया घर

# जिला अस्पताल से मरीज बिना डिस्चार्ज हुए जा रहे, स्टाफ को भी नहीं जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸। बालोद

स्थानीय जिला अस्पताल में उपचार कराने भर्ती लोग बिना डिस्चार्ज हुए जा रहे हैं। इसकी जानकारी स्टॉफ को भी नहीं होती है। कई बार प्रारंभिक उपचार के बाद लोग तत्काल दूसरे हास्पिटल जा रहे हैं। जिससे यहां की सुविधाओं पर भी सवाल उठने लगे हैं।

■ प्रारंभिक उपचार के बाद भी लोग जा रहे हास्पिटल

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात करीब 9:30 बजे बालोद – धमतरी मुख्य मार्ग में ग्राम करहीभदर के पास बाइक सवार दो युवक हलधर और सुनील घायल अवस्था में पड़े थे। दोनों युवक दुर्घटना का शिकार कैसे हुए इसकी जानकारी किसी को नहीं है। हालांकि किसी अज्ञात वाहन की ठोकर से दोनों युवको के घायल होने की जानकारी मिली है। घटना के बाद धमतरी की ओर से बालोद आ रहे भाजपा नेता राकेश यादव ने मानवता का परिचय देते हुए दोनों घायलों को अपने चारपहिया वाहन के माध्यम से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां दोनो का उपचार किया गया। प्रारंभिक उपचार के बाद वे दूसरे अस्पताल चले गए।

गुरुवार की रात ही सड़क हादसे का एक और मामला सामने आया था, जिसमें नमन नामक युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया था, जिसका उपचार किया गया, लेकिन घायल युवक का लापरवाही भी सामने आई है। दरअसल रात में इलाज के बाद युवक को अस्पताल में भर्ती किया गया। सुबह युवक अस्पताल के स्टॉफ को बताए बगैर ही चले गया, जबकि उनका उपचार जारी था।

### हादसे में घायल दो युवकों को भाजपा नेता ने पहुंचाया था अस्पताल





#### लगातार आ रही शिकायत

सड़क हादसे में घायल हुए युवक शुक्रवार की सुबह अस्पताल से चले गए, इसकी जानकारी स्टॉफ को भी नहीं है। यह पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी कई मरीज उपचार के दौरान ही और बिना डिस्चार्ज कराए अस्पताल से चले जाते हैं। मरीजों का अस्पताल से चले जाने का कारण स्पष्ट सामने नहीं आ रहा है। मरीज यहां के इलाज से असंतुष्ट है या फिर वे अपने आप को स्वस्थ महसूस कर घर में ही रहकर इलाज कराने के उद्देश्य से ऐसा करते हैं, यह जांच का विषय है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई मरीज यहां के इलाज से असंतुष्ट रहते हैं, जिसके कारण वे अस्पताल के स्टॉफ को बताए बगैर ही यहां से चले जाते हैं।

#### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उठे सवाल

जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के इस तरह बिना डिस्चार्ज हुए घर जाने से सुरक्षा को भी लेकर सवाल उठने लगे हैं। मरीजों की पहचान के लिए अस्पताल में कुछ व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि वे बाहर न जा सके। अस्पताल में कई तरह खाने आदि की भी सुविधा होती बिना बताए जाने पर इनकी व्यवस्था भी बिगड़ती है।

#### स्वस्थ महसूस करके जाते हैं : सिविल सर्जन

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर श्रीमाली ने इस मामले में कहा कि हम तो मरीजों को पूरी तरह से स्वस्थ करने के बाद ही डिस्चार्ज करते हैं। जब तक वह पूरी तरह ठीक नहीं हो जाता, तब तक डिस्चार्ज नहीं करते। लेकिन मरीज ही अपने आप को स्वस्थ महसूस करके यहां से चले जाते हैं।

# श्रीजामड़ी पाटेश्वर धाम प्रदेश के साथ देशवासियों के आस्था का केन्द्र : विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸। डौंडीलोहारा

स्थानीय श्रीजामड़ी पाटेश्वर धाम के संबंध में प्रदेश के नवनियुक्त उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शुक्रवार को कलेक्टर बालोद कुलदीप शर्मा से बात कर श्रीजामडी पाटेश्वर धाम के प्रति भक्तों, अनुयायियों तथा प्रदेश की जनता के धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था बनाये जाने के संबंध निर्देश दिया है।

■ पाटेश्वर धाम की सुरक्षा को लेकर उपमुख्यमंत्री ने की कलेक्टर से चर्चा

इस संबंध में श्रीजामड़ी पाटेश्वर धाम के संचालक संत श्रीरामबालक दास महात्यागी ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के नवनियुक्त उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से उनकी श्रीपाटेश्वर धाम में विगत दिनों हुए विभिन्न गतिविधियां जिनमें उन्हें प्रताड़ित किया गया, के संबंध में चर्चा हुई। इस संबंध में संत श्री के अनुसार उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बालोद के कलेक्टर एवं एसपी को फोन कर श्रीपाटेश्वर धाम की संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था तय करने और विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जो चल गई थी, उसे तुरंत प्रभाव से स्थगित करने का आदेश दिया है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने भी श्री जामडी पाटेश्वर धाम के संबंध में कलेक्टर बालोद से चर्चा की है।

#### आश्रम परिवार ने जताया आभार

संत श्री ने आश्रम परिवार की ओर से दोनों ही जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उम्मीद किया कि बहुत जल्द प्रशासन द्वारा आश्रम से जुड़े भक्तों की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए सारे प्रतिबंध हटाकर श्री पाटेश्वर सेवा संस्थान को वहां का वन अधिकार पट्टा प्रदान किया जाएगा। ताकि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियां न हो सके और विश्व में अद्वितीय मां कौशल्या मंदिर का निर्माण निर्मित रूप से 2026 तक पूर्ण हो सके। भाजपा नेता देवलाल ठाकुर ने कहा कि इस संबंध में कलेक्टर बालोद से चर्चा हुई है। कलेक्टर श्री शर्मा ने बहुत जल्द इस विषय में सभी लोगों की धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखते हुए व्यवस्था बनाने की बात कही है। इस संबंध में सभी प्रशासनिक पक्षों से बहुत जल्द बैठक में बातचीत होनी है। श्री जामडी पाटेश्वर धाम से छत्तीसगढ़ प्रदेश में निवासरत भक्तों तथा अनुयायियों के साथ-साथ पूरे देश के लोगो की धार्मिक भावना जुड़ी हुई है। मगर बीते कुछ दिनों में भक्तों की आस्था को ठेस पहुंचाने वाली गतिविधियां हुई हैं जो उचित नही था।

# ट्रक ने बाइक सवार दो पुलिसकर्मियों को ठोंका





**बालोद।** जिले के बालोद-दल्लीराजहरा मुख्य मार्ग स्थित ग्राम दैहान के पास शुक्रवार सुबह 10 बजे दो पुलिस आरक्षक को 14 चक्का वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक फत्ते लाल साहू और शिशुपाल ठाकुर दोनों एक साथ फायरिंग रेंज राजहरा जाने के लिए बाइक एसपी साइन 125 सीजी 07 बीवी 9141 में सवार होकर पुलिस लाईन से निकले थे। तभी जगलों के बीच ग्राम दैहान मोड़ के पास चौदह चक्का वाहन सीजी 19 बीपी 7409 की चपेट मे आने से दोनों आरक्षक घायल हो गए। जिसमें प्रधान आरक्षक फत्ते लाल साहू के पैर में गंभीर चोट आई है और दूसरे आरक्षक शिशु पाल ठाकुर को हल्की चोट आई है। दुर्घटना के बाद दोनों आरक्षक को इलाज के लिए आन फानन में तत्काल 108 वाहन के माध्यम से जिला हॉस्पिटल इलाज के लिए लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद प्रधान आरक्षक फत्ते लाल साहू को निजी हॉस्पिटल रिफर किया गया। वहीं इस घटने कि शिकायत कोतवाली थाना बालोद में किया गया है।

■ हादसे में प्रधान आरक्षक के पैर में आई गंभीर चोटें, आरक्षक घायल

# विकसित भारत संकल्प यात्रा की सारी तैयारियां पूरी



हरिभूमि न्यूज ▸▸। बालोद

भारत सरकार के पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त सचिव सीएस कुमार ने महानदी भवन नवा रायपुर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा के तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

■ भारत सरकार के पंचायती राज विभाग के अतिरिक्त सचिव सीएस कुमार ने कलेक्टरों से ली जानकारी

इस दौरान उन्होंने बारी–बारी से राज्य के सभी जिला कलेक्टरों एवं नोडल अधिकारियों से अपने–अपने जिलों में आयोजन से जुड़े तैयारियों की जानकारी ली तथा 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की जिले में तैयारी की समीक्षा हेतु जिले के प्रवास पर पहुंचे भारत सरकार के संयुक्त सचिव आरपी सिंह एवं कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बालोद जिले में 'विकसित भारत संकल्प यात्र' को सफल बनाने के लिए की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग के दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर शशांक पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। भारत सरकार के संयुक्त सचिव आरपी सिंह ने कहा कि बालोद जिले में 'विकसित भारत संकल्प यात्र' के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए ▸▸ शेष पेज 10 पर


# पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

## पैरामेडिकल संस्थान NSDC-SDMS केन्द्र क्र. - 89923

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के सभी संभाग के विभिन्न जिलों में पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में **(सत्र 2024-25)** के प्रवेश, नेशनल स्कील डेवलपमेंट कार्पोरेशन **( मिनीस्ट्री ऑफ स्किल डेवलपमेंट भारत सरकार का उपक्रम )** हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध केन्द्रों व जिलों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (D.O.T.) पोस्ट डिप्लोमा इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन | पोस्ट डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | पोस्ट डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्नीशियन | डिप्लोमा इन योगा एण्ड नैचरोपेथी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| कोरबा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायगढ़ | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| अंबिकापुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| रायपुर | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 120 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |
| जगदलपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें | 30 सीटें |

**आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्यूनतम प्रतिशत :** अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। **विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।**

**नोट :-**

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10X4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. विद्या कौशल के माध्यम से शैक्षिणिक लोन उपलब्ध है।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-11.01.2024 तक।**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-16.01.2024 तक।**

कार्यालय का पता-पैरामेडिकल संस्थान NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS, केन्द्र क्र. 89923, सहारा ऑफिस रोड, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006

महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग:- अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड ☐
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC-SDMS केन्द्र क्र. 89923



## पाठक सूचना

बालोद जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


# आवारा मवेशियों की धरपकड़ शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸। गुरूर

क्षेत्र में दिन प्रतिदिन आवारा मवेशियों की संख्या बढ़ती जा रही है, कुछ पशुपालक मवेशियों को गौठान में न ले जा कर ऐसे ही सड़कों पर खुला छोड़ रहे है। जिसके कारण नगर के मुख्य सड़कों एवं गली मोहल्लों में भी मवेशियों का झुंड नजर आने लगा है, ऐसे में राहगीरों को आने जाने में परेशानी हो रही है। इन सब समस्याओं से नगरवासियों को निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत गुरुर द्वारा अब गुरुर नगर के सभी वार्डों में काऊ केचर अभियान चलाया जा रहा है।



इस अभियान के तहत खुले में घूम रहे मवेशियों एवं आवारा मवेशियों को पकड़ कर कांजी हाउस ले जाया जा रहा है, कांजी हाउस में चारा पानी की व्यवस्था भी की गई है, ताकि वहां मवेशियों को रखा जा सके। नगर के भीतर मुख्य मार्ग मे मवेशियों के कारण दुर्घटनाओं की संभावनाएं बनी रहती है, कई बार दुर्घटना भी हो चुका है। जिसको देखते हुए नगर पंचायत गुरुर द्वारा यह अभियान चलाया गया है।

16122023-Isp-02_Layout 1 12/15/2023 10:44 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### कथावाचक मोहन प्रसाद की भागवत कथा 22 से



**गुरूर।** ग्राम सुभियामुड़पार जिला कांकेर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 22 दिसंबर से किया जाएगा। कथावाचक कवि मोहन प्रसाद चतुर्वेदी गुरुर (कोलिहामार) होंगे। जिसमें प्रथम दिवस शुक्रवार को देव स्थापना शोभायात्रा निकाली गई। द्वितीय दिवस शिवसती चरित्र ध्रुव चरित्र होगा। तृतीय दिवस जड़भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र की कथा होगा। चतुर्थ दिवस श्री बामन अवतार, श्रीराम व श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव होगा। पंचम दिवस श्रीकृष्ण बाल लीला, रसवर्धन लीला होगा। शष्टम दिवस रामलीला, श्रीकृष्ण रूखमणी विवाह होगा। सप्तम दिवस सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष होगा। अष्टम दिवस गीता, तुलसी वर्षा एवं समापन पर भंडारा का आयोजन किया गया है।

### ग्राम मोखा में 27 से शुरू होगी क्रिकेट स्पर्धा

**गुरूर।** ग्राम मोखा गुंडरापारा में आदर्श नव युवा क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में 27 से 31 दिसंबर तक पांच दिवसीय ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 15000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 11000 रूपये, तृतीय पुरस्कार 6000 रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 2000 रूपए है।

### जिले में अब तक 2 लाख 37 हजार 759 मीट्रिक टन धान की खरीदी



**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 195 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 60 हजार 852 किसानों द्वारा कुल 02 लाख 37 हजार 759 मेट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 521 करोड़ 41 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 01 लाख 94 हजार 746 मेट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 01 लाख 30 हजार 316 मेट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 01 लाख 07 हजार 443 मेट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 4125 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 17 हजार 136 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

## पेज 9 के शेष

### पेयजल आपूर्ति में ...

तहत बिछाये गये पाईप लाईन में लीकेज की समस्या हो रही थी। जिसकी जानकारी उन्होंने तत्काल सरपंच को दी। जिसके बाद सरपंच ने एक सप्ताह पहले उस लीकेज पाईप लाईन की मरम्मत कराई थी। **मजबूरन पीना पड़ रहा पानी :** लाभेश साहू ने कहा कि पानी में लगातार तीन माह से बीच बीच में जोंक निकल रहा है, लेकिन पेयजल का कोई और जरिया नहीं है जिसके कारण जिस समय पानी में जोंक निकलता है, उस पानी को फेंककर फिर नये सिरे से पानी भरकर पीना पड़ रहा है। इसके अलावा उसी नल से निकलने वाले पानी से दैनिक जीवन में उसका व उसका पूरा परिवार उपयोग कर रहा है।

### विकसित भारत ...

रूट चार्ट के निर्धारण तथा अधिकारी–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के अलावा सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि बालोद जिले में सफल आयोजन हेतु समुचित तैयारियां कर ली गई है। उन्होंने कहा कि इसके लिए जिला, ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों सहित तीन स्तरों पर समिति गठित कर ली गई है। इसके अलावा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु इस कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी प्रदान की गई है।

---

**लोचा : बारदाने में 40 किलो 600 ग्राम धान लेने का नियम लिया जा रहा 41 किलो 500 ग्राम धान**

# कांदुल धान खरीदी केन्द्र में नियम-कायदों को ताक में रखकर की जा रही किसानों से धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुन्दा

एक ओर जहां प्रदेश सरकार की ओर से किसानों को खुश रखने के लिए धान के समर्थन मूल्य में इजाफा किया गया है तो वहीं दूसरी तरफ कांदुल गांव के धान खरीदी केन्द्र में किसानों से वहां के प्रबंधक और समिति द्वारा छल किया जा रहा है। जहां शासन द्वारा बनाये गये नियम-कायदों के साथ अपने नियम-कायदे भी चलाये जा रहे हैं और किसानों से धान खरीदी के नाम पर आधा किलो अतिरिक्त धान लिया जा रहा है।





### शुरू में 900 ग्राम अतिरिक्त लिया जा रहा था धान

प्रदेश सरकार की योजना के तहत धान खरीदी धान खरीदी केन्द्र में किसानों से प्रत्येक बारदाने में 40 किलो धान भरकर खरीदा जाना है और बारदाने के वजन को मिलाकर 40 किलो 600 ग्राम धान खरीदा जाना निर्धारित है। लेकिन कांदुल स्थित धान खरीदी केन्द्र में 40 किलो 600 ग्राम की जगह शुरूआत से ही किसानों से हर एक बारदाने में 41 किलो 500 ग्राम धान का तौल किया जा रहा था। जिसका कई बार कई किसानों ने विरोध किया। लेकिन एक सप्ताह पहले उसी धान खरीदी केन्द्र में धान के तौल को घटाकर 41 किलो 200 ग्राम कर दिया गया, वह भी शासन के नियमों के विपरित है।

### विरोध के बाद भी नहीं सुने कर्मचारी

किसान शिव सिन्हा ने बताया कि जब वह धान खरीदी केन्द्र में धान बेचने गया तो उनके धान को 41 किलो 500 ग्राम प्रत्येक बारदाने में तौला जा रहा था और उन्होंने 159 बारदाने में धान बेचा। इसी तरह 41 किलो 500 ग्राम तौल में धान बेचने वाले किसान भागवत साहू ने 65 बारदाने व मनोज देवांगन ने 60 बारदाने में धान बेचा। जब वह धान का तौल करा रहे थे तो उन्होंने अतिरिक्त धान तौलने का विरोध भी किया। लेकिन उनकी बात नहीं सुनी गई और 900 ग्राम अतिरिक्त, प्रत्येक बारदाने के एकज में धान खरीदे गये।



### अधिकारियों से कार्रवाई की अपेक्षा

किसान नूनकरण देवांगन ने कहा कि वह 105 बारदाने में धान बेचे है। इसी तरह राजकुमार साहू 164 बारदाने में और ओमकार साहू 71 बारदाने में धान बेचे है। जिनसे हर एक बारदाने में 41 किलो 200 ग्राम के हिसाब से धान की खरीदी की गई। इन्होंने भी अतिरिक्त धान खरीदे जाने को लेकर विरोध किया। लेकिन उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ा। आखिरकार मजबूरन उन्हें वहां के नियमों को मानकर धान बेचना पड़ा। किसानों ने कहा कि इस तरह अधिक धान का तौल करना गलत है। इसमें जिम्मेदार व्यक्तियों पर अधिकारियों को कार्यवाही करना चाहिए।

### पल्ला झाड़ रहे अध्यक्ष, बचने लगे प्रबंधक

जब अध्यक्ष नेमु निषाद से अतिरिक्त धान खरीदी के विषय में हरिभूमि ने सवाल किया तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि धान में कचरा, मिट्टी होने के कारण और नमी के कारण अतिरिक्त धान किसानों से लिया जा रहा है। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि एक माह तक उसी धान खरीदी केन्द्र में 41 किलो 500 ग्राम धान लिया गया और फिर एक सप्ताह पहले 41 किलो 200 ग्राम लिया गया और कल से उसी धान खरीदी केन्द्र में प्रत्येक बारदाने में 41 किलो धान खरीदे जाने की बात अध्यक्ष द्वारा कही जा रही है। तो वहीं पूरे मामले पर जानकारी देने के लिए समिति प्रबंधक शिवन यादव प्रबंधक के पास फोन से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन बंद कर दिया।

### 14 हजार क्विंटल से अधिक धान की हो चुकी खरीदी

बता दें कि कांदुल धान खरीदी केन्द्र में कांदुल गांव के अलावा चिचलगोंदी गांव के किसान भी धान बेचने के लिए आते है। इस दोनों गांव के 370 किसान धान खरीदी केन्द्र में 14 हजार 357 क्विंटल धान अब तक बेच चुके हैं। मिली जानकारी के अनुसार कांदुल धान खरीदी केन्द्र में 1013 पंजीकृत किसान है और उस धान खरीदी केन्द्र को शासन-प्रशासन की ओर से 50 हजार क्विंटल धान की खरीदी का लक्ष्य मिला है।

### किसानों से चर्चा कर निर्णय का हवाला

पूरे मामले को लेकर धान खरीदी केन्द्र कांदुल के समिति अध्यक्ष नेमु निषाद से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि धान खरीदी की शुरूआत से पहले किसानों से मौखिक चर्चा कर अतिरिक्त धान की खरीदी करने का फैसला लिया गया। जिसमें किसानों ने सहमति जताई। जबकि जानकारी सामने आ रही है कि समिति अध्यक्ष ने जब अतिरिक्त धान लिये जाने की बात रखी तो उस समय केवल चार किसान मौके पर मौजूद थे।

---

## डौण्डी के छात्र-छात्रा संभाग स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी- 2024 में रहे प्रथम

**बालोद।** जिले के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौण्डी के छात्र–छात्राओं ने राजनांदगांव में आयोजित संभाग स्तरीय 51वें राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2024 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

■ तीन थीम में रहा वर्चस्व, जाएंगे राज्य स्तर पर

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इसके अंतर्गत थीम मॉडल कृषि में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय डौण्डी के कक्षा 11वीं की छात्र कुमारी वेनिता, कुमारी मोक्षा, कुमारी हर्षिता एवं कुमारी भूमिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह थीम लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरमेंट में कक्षा 11वीं के विद्यार्थी कुमारी रमा, छगेश कुमार एवं करण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही थीम स्वास्थ्य में कक्षा 11वीं के विद्यार्थी कुमारी गरिमा, तारेन्द्र, कुमारी गीतांजली ध्रुव, कुमारी गीतांजली मसिया, कुमारी दुर्गा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इन तीनों थीम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हेतु चयनित हुए हैं। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास मेनका चंद्राकर एवं अधिकारी–कर्मचारियों ने विद्यार्थियों की उज्वल भविष्य की कामना की है।

## खेल के बाद सामान ढोते रहे बच्चे ...



**गुण्डरदेही।** ग्राम कंचादुर मे शुक्रवार को संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां खेल के समापन के बाद खेल मैदान से जिम्मेदार शिक्षक व संकुल प्रभारी मैदान से नदारद दिखे। खेल मैदान मे रखे वजनी कुर्सी, टेबल व अन्य भारी समान को प्राथमिक स्कूल के बच्चे मैदान से स्कूल तक सायकल मे ले जाते रहे। आखिर यह सब काम स्कूल मे विभाग द्वारा रखे चपरासी व स्वीपर का है या छोटे–छोटे स्कूली बच्चों का। खेल के बाद जिम्मेदार शिक्षक भी नदारद दिखे, विभाग के अधिकारी को चाहिए ऐसे जिम्मेदार शिक्षक के खिलाफ कार्यवाही करे।

## ग्राम धनेली में हुआ संकुल स्तरीय बालक्रीड़ा स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

ग्राम धनेली में संकुल स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम दिन शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद केदार देवांगन थे, अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत धनेली ने किया। विशेष अतिथि केआर साहू, जेआर गंगबेर, जेआर केकती, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति धनेली महावीर साहू, माधव गंगबेर, अध्यक्ष ग्राम साहू समाज धनेली हिरदे राम सोनवानी, दिनकर साहू उपस्थित थे। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विधायक बालोद संगीता सिन्हा थी। अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तामेश्वर साहू ने किया। विशेष अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोशण साहू, टोमन लाल साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर राजश्री यादेश्वर क्षत्रिय, चन्द्रप्रकाश अठभैया, पूर्व सरपंच भोजराम साहू, पूर्व सरपंच चीतर ठाकुर उपस्थित थे।

## व्यक्ति को संस्कारवान बनाने की क्षमता भारतीय संस्कृति की यज्ञीय कार्य में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद





ग्राम निपानी में गायत्री परिवार द्वारा तीन कुण्डीय गायत्री महायज्ञ, सत्संग, दीप यज्ञ का आयोजन किया गया।

जनकल्याण विश्व शांति के लिए गायत्री यज्ञ का संचालन करते हुए यज्ञाचार्य डामन लाल गजेंद्र ने यज्ञीय महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सतयुगी वातावरण के लिए सद्विचार एवं सद्भाव संवर्धन गायत्री साधना जैसे सत्कर्म के विकास–विस्तार से ही संभव है। आज यज्ञ को एक अभियान के रूप में जन जन तक पहुँचाने की जरूरत है। प्रत्येक व्यक्ति को संस्कारवान बनाने की क्षमता भारतीय संस्कृति की यज्ञीय कार्य से ही है। जन्म से सभी शुद्र होते हैं, संस्कार से मनुष्य देवतुल्य बन जाता है। सायंकालीन भजन संध्या व दीप यज्ञ का कार्यक्रम हुआ, जिसमें वेद मंत्र गायत्री, महामृत्युंजय मंत्र की आहुति दी है, अंत में पूर्णाहुति में यज्ञ में शामिल परिजनों ने अपनी बुराई छोड़ने का संकल्प भी लिया। आयोजन में बलराम साहू, हलालखोर साहू, खिलेश्वर, नरेश कुमार साहू, देवधर साहू, गिरधारी एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

### गायत्री उपासना को करें अनिवार्य

सत्संग विचार ज्ञान मंच में गायत्री परिवार प्रज्ञापुत्र राजेंद्र कुमार सिन्हा ने बुद्धि की शुद्धता पर वेदशास्त्र में उल्लेखित अनुकरणीय ज्ञान को बताते हुए कहा कि वर्तमान समय पूरी दुनिया में मनुष्य की बुद्धि की अशुद्धता के कारण अनाचार, पापाचार, भ्रष्टाचार जैसे अनैतिक अधर्म अन्याय में ग्रसित राष्ट्र समाज परिवार दिखाई दे रहा है। इनके निवारण के लिए सत्संग, शास्त्रभ्यास स्वाध्याय, भगवत कर्म व उपासना मानव जीवन में शामिल होना अनिवार्य है। इसी से बुद्धि की शुद्धि होती है, जिससे जीवन में आनंद व विश्व में शान्ति आ सकती है। इनके अभाव में हमारी बुद्धि अशुद्ध हो जाती है और मनुष्य नरपशु, नर पिशाच जैसे बन जाता है। जिससे वातावरण नरक का स्वरूप ले लेता है। गायत्री मंत्र में परमात्मा से सद्बुद्धि प्राप्ति की प्रार्थना की गई है। इसलिए वर्तमान समय में प्रत्येक परिजन के गायत्री मंत्र का जप, ध्यान, उपासना अति अनिवार्य है। इसी से धरती स्वर्ग बन सकता है।

## पावर लिफ्टिंग में अभय रहे प्रथम



**गुरूर।** छत्तीसगढ़ स्पोर्ट्स एवं पावर लिफ्टिंग एशोसिएशन के द्वारा भिलाई सेक्टर–6 कालीबाड़ी में आयोजित सातवाँ छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर, मास्टर (महिला–पुरुष) पावर लिफ्टिंग एवं ओपन बेंच प्रेस प्रतियोगिता में गुरूर का दबदबा रहा। गुरूर से अभय कुमार प्रथम, निहाल उईके द्वितीय, रिशव तलन तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

**केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा**

# जेवरतला के कार्यक्रम से किया जाएगा जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ 16 दिसम्बर को करेंगे।

■ प्रधानमंत्री मोदी लाभ लेने वाले हितग्राहियों से वर्चुअली करेंगे संवाद

प्रधानमंत्री देशभर में यात्रा के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में वर्चुअली माध्यम से जुड़कर हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। इस अवसर पर मोदी प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में इसके सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों के अलावा कार्यक्रम के प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति भी कर दी गई है।

नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सांकरा ज एवं डौण्डीलोहरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत जेवरतला में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बालोद जिले में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभान्वित करने हेतु हितग्राही चिन्हांकित भी कर लिए गए हैं। इसके अंतर्गत 'मेरी कहानी–मेरी जुबानी' जैसे कार्यक्रम का आयोजन केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को आम लोगों तक पहुँचाने का काम आईईसी मोबाइल वैन के जरिए होगा। इसके जरिए प्रधानमंत्री मोदी का संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित होंगे।

### लाभ देने लेंगे आवेदन

इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ–साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। योजनाओं के संबंध में जागरुकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए 'मेरी कहानी–मेरी जुबानी' जैसे कार्यक्रम होंगे। इसके साथ ही प्राकृतिक खेती, स्वाइल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

### केंद्र के संयुक्त सचिव ने की समीक्षा



**बालोद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा' की तैयारियों की समीक्षा हेतु बालोद जिले के प्रवास पर पहुँचे भारत सरकार के रसायन एवं उर्वरक विभाग के संयुक्त सचिव आरपी सिंह ने संयुक्त जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर आयोजन के तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बालोद जिले में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान श्री सिंह ने आयोजन से जुड़े सभी तैयारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि जिले में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई है। इसके लिए त्रि–स्तरीय समिति गठन करने के अलावा अधिकारी–कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगा दी गई है। उन्होंने बताया कि प्रचार रथ के भ्रमण हेतु रूट चार्ट का भी निर्धारण कर दिया गया है। बैठक में अपर कलेक्टर शशांक पाण्डेय सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### संशोधन पीड़ित शिक्षकों ने की मांग

**भिलाई।** नवीन शिक्षक संघ छग के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत ने संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर एवं सयुंक्त संचालक रायपुर, सरगुजा, बस्तर,बिलासपुर व दुर्ग शिक्षा संभाग से जल्दी ही न्यायालय के निर्देशानुसार पदोन्नत प्राप्त संशोधन पीड़ति शिक्षकों को संशोधित शालाओं मे कार्यभार ग्रहण करवाकर रुके हुए तीन माह का वेतन भुगतान करने की अपील की है। संविदा मे पदस्थ पूर्व प्रमुख शिक्षा सचिव के द्वारा न्यायालय के आदेश के गलत व्याख्या कर संशोधन पीड़ति शिक्षकों को काउंसलिंग वाले स्कूलो मे कार्यभार ग्रहण करने के लिए दिशा निर्देश जारी कर न्यायालय का अवहेलना करते हुए 2733 संशोधन पीड़ति शिक्षकों के साथ अन्याय किया गया है जिसके कारण संशोधन पीड़ति सभी शिक्षकों को तीन माह से वेतन नहीं मिला है।

**कार्यक्रम :** जल जीवन मिशन हर घर नल योजना का काम शुरू

# घरों में पानी पहुंचाने किया टंकी निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुसुमकसा

जल जीवन मिशन हर घर नल योजना के तहत ग्राम पंचायत कुसुमकसा के गैरेजपारा में नवीन पानी टंकी निर्माण का भूमिपूजन देवलाल ठाकुर प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवराम सिन्द्राम सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा व संजय बैस जनपद सदस्य ,अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य , दीपक यादव नितिन जैन ,जयेश ठाकुर के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ धरती मां की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर व गैती चलाकर किया गया। देवलाल ठाकुर ने भारत के प्रधानमंत्री के द्वारा घर-घर मे पानी पहुंचाने की योजना के तहत जल ग्रह मिशन के तहत ग्राम में नवीन पानी टंकी व नवीन पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रत्येक ग्राम में किया जा रहा है। ग्राम कुसुमकसा में आज उक्त योजना के तहत पानी टंकी निर्माण का भूमिपूजन किया गया। टंकी निर्माण होने से गांव के प्रत्येक घरो में नलों के माध्यम से शुध्द जल पहुंचेगा ।



**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर मनीष जेठवानी ,अकील खान नरेंद्र सिंह परिहार ,शकुंतला शर्मा ,दुर्गा राजभोज,फलेश राजभोज,पुष्पा धनकर ,सविता राजभोज ,साहिशता बेगम उपस्थित थीं।

### इसी प्रकार होगा काम

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कुसुमकसा में रेट्रोफिटिंग जल प्रदाय योजना के तहत 272.59 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। जिसमें ग्राम कुसुमकसा में उच्चस्तरीय जलागार 185 किली की क्षमता, 9300 मीटर पाइपलाइन, एचएफटीसी 879 ,क्लोरिनेटर 1.25 ग्राम, एक स्वीच रूम, एक क्लोरिनेटर रूम,बाउंड्रीवाल सहित गुंडराटोला में उच्चस्तरीय जलागार 40 किली क्षमता का तथा आवास पारा में पाइप लाइन निर्माण किया जाएगा।

# शिकसा के सजाओ रंगोली स्पर्धा में दुष्यंत वर्मा रहे प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा



शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वाबधान में दीपावली के अवसर पर शिकसा द्वार रंगोली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। संयोजक डॉ. शिवनारायण देवांगन आस ने बताया कि इसमें सैकड़ों शिक्षक व विद्यार्थी ने भाग लिया व सभी की रंगोली प्रशंसनीय रहा। इसमें शिक्षक वर्ग में प्रथम दुष्यंत कुमार वर्मा व्याख्याता कौदकेरा फिंगेश्वर, द्वितीय रजनी साहू शिक्षक लवसरा सक्ती व तृतीय स्थान बुधनी अजय प्रधान पाठक डुरूमगढ बिलाईगढ़ रही। वहीं विद्यार्थी वर्ग में प्रथम सुरभि साहू कक्षा 11वी अंजोरा (ख) दुर्ग, द्वितीय अनन्या तंबोली कक्षा आठवी जांजगीर व तृतीय स्थान हर्ष देव तंबोली कक्षा सातवीं कवर्धा कबीरधाम रहे।

■ परिणाम घोषित, विद्यार्थी वर्ग से सुरभि साहू आई प्रथम

प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आये प्रतिभागियों को शिक्षक कला व साहित्य अकादमी के वार्षिक सम्मेलन शिकसा महोत्सव में पुरस्कृत किया जायेगा। शिकसा के प्रातांध्यक्ष कौशलेन्द्र पटेल, कोषाध्यक्ष बोधीराम साहू, संयुक्त सचिव संजय कुमार मैथिल, संगठन मंत्री महेत्तर लाल देवांगन, मीडिया प्रभारी गोपाल ध्रुव, महिला प्रकोष्ठ प्रातांध्यक्ष नीता त्रिपाठी, महासचिव रेखा शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रतिभा त्रिपाठी, संयुक्त सचिव ज्योति गजपाल, दुर्ग जिलाध्यक्ष होरीलाल चतुर्वेदी, संयुक्त सचिव उषा भट्ट, दुर्ग जिलाध्यक्ष म.प्रकोष्ठ संध्या पाठक, जांजगीर जिलाध्यक्ष विजय प्रधान महासचिव राधेश्याम कंवर, कांकेर जिलाध्यक्ष पुष्पाजंलि ठाकुर रायपुर से मीना भारद्वाज आदि ने बधाई दी है।

# एनएसएस छात्रों ने ग्रामीणों को बताया एड्स के कारण व बचाव के उपाय



**अंडा।** स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर रेडरीबन/रेडक्रॉस क्लब के स्वयंसेवकों के द्वारा श्रीमती अंजु रानी ठाकुर के मार्गदर्शन में ग्राम आमटी में एड्स जागरूकता पर पैंपलेट बांटकर एवं नाट्य मंचन करके प्रचार किया गया। इसमें इस बीमारी के कारण एवं बचने के उपाय को सारगर्भित तरीके से प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1097 का प्रसार गांव में किया गया। रासेयो प्रभारी वेदप्रकाश ठाकुर ने रेडरिबन के छात्र-छात्राओं के प्रयास की सराहना की। मार्शल आर्ट विशेषज्ञ वासु चंद्रकार ने स्वयंसेवकों को आत्म रक्षा हेतु छात्रों को प्रशिक्षण दिया । इस अवसर पर थाना अंडा एसआई सुन्दर लाल नेताम, चन्द्राकर और महविद्यालय के प्राध्यपाक पूजा सोढ़ा आदि उपस्थिति थे।

■ एड्स जागरूकता के लिए पाम्पलेट बांटे और नाटक का मंचन किया












खबर संक्षेप

### सरदार पटेल की पुण्यतिथि पर सीएम ने किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री भारतरत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 15 दिसंबर को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने सरदार पटेल का पुण्य स्मरण करते हुए कहा है कि सरदार पटेल अपने फौलादी संकल्पों के कारण लौहपुरुष के नाम से जाने जाते हैं। उन्होंने देशी रियासतों का भारतीय संघ में विलय कर देश के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वतंत्रता के लिए किए संघर्ष के दौरान उन्होंने कई आंदोलनों का कुशल नेतृत्व किया। श्री साय ने कहा कि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी सरदार पटेल भारत को एक सूत्र में पिरोने की दिशा में काम करते रहे। भारत देश के निर्माण में सरदार पटेल की भूमिका हमेशा अविस्मरणीय रहेगी।

### विधायक पुरंदर ने जरूरतमंद को भेंट की बैसाखी



**रायपुर।** सामाजिक और मानवता के कार्यों के लिए प्रख्यात रायपुर उत्तर से नवनिर्वाचित विधायक पुरंदर मिश्रा गुरुवार को एक और जरूरतमंद का सहारा बने। जन्म से पोलियोग्रस्त बलराम वर्मा एक गरीब कृषक हैं, जिन्हें विधायक श्री मिश्रा ने नई बैसाखी भेंट की और आवश्यकता पड़ने पर अन्य मदद के लिए भी आश्वस्त किया। कृषक बलराम वर्मा ने नई बैसाखी मिलने पर विधायक श्री मिश्रा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उनकी बैसाखी काफी पुरानी हो चुकी थी और उसके साथ चलना असहज होने लगा था। उन्होंने विधायक के समक्ष अपनी बात रखी थी। विधायक ने कृषक की याचना को ध्यान में रखा और गुरुवार को बलराम वर्मा को सबसे अच्छी क्वालिटी की बैसाखी खरीदकर भेंट की।

### शंकराचार्य रायपुर ने भिलाई की टीम को हराया



**रायपुर।** सीएसवीटीयू इंटर जोन क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में शंकराचार्य रायपुर ने शंकराचार्य भिलाई को 153 रनों के भारी अंतर से पराजित किया। शंकराचार्य रायपुर की ओर से कप्तान विपुल बारीक ने शानदार 80 रनों की नाबाद पारी एवं आदर्श की नाबाद 78 रन की पारी से टीम ने 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 203 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए शंकराचार्य भिलाई की टीम मात्र 50 रन पर सिमट गई। रायपुर शंकराचार्य की ओर से चिन्मय ने 4 और अणुतोष ने 2 विकेट लिए और टीम को फाइनल में पहुंचाया। दूसरा सेमीफाइनल मैच बीआईटी दुर्ग और वीईसी अंबिकापुर के बीच खेला गया, जिसमें बीआईटी दुर्ग ने 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 3 विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। अब फाइनल मैच बीआईटी दुर्ग और शंकराचार्य रायपुर के बीच गुरुवार को शंकराचार्य रायपुर के क्रिकेट मैदान में होगा।

# दिल्ली से पहुंची स्पेशल वैन, कल से शुरू होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

## बूढ़ातालाब परिसर से कैंपेन की शुरुआत, प्रश्नोत्तरी होगी, विजेताओं को मिलेंगे पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए 16 दिसंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान शुरू हो रहा है। बूढ़ातालाब परिसर से अभियान की शुरुआत विशिष्ट जनों की उपस्थिति में होगी। इसके लिए दिल्ली से 1 स्पेशल वैन रायपुर पहुंची है, जिससे शहर के वार्डों में 21 दिनों तक सरकार की लोक हितैषी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाई जाएगी। साथ ही प्रश्न उत्तरी का कार्यक्रम रखा जाएगा, जिसमें विजेताओं को स्पाट पर पुरस्कृत किया जाएगा। सीसीटीवी कैमरा से लैस वैन के जीपीएस सिस्टम से यहां के कार्यक्रम दिल्ली में बैठे अधिकारी लाइव देख सकेंगे। केंद्र की योजनाओं के प्रचार के लिए 16 दिसंबर से 5 जनवरी तक राजधानी में वार्डवार अभियान चलाया जाएगा। 21 दिनों तक चलने वाले कैंपेन में 1 दिन में 2 वार्ड को कवर किया जाएगा। इस अभियान में पीएम स्वनिधि, उज्वला योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, स्टार्ट-अप इंडिया, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में आयोजन से पहले जोन स्तर पर नगर निगम मुनादी कराएगा।

- केंद्रीय योजनाओं का वार्डों में 21 दिनों तक होगा प्रचार
- जोन स्तर पर होगी मुनादी
- पीएम स्वनिधि, पीएम मुद्रालोन, पीएम आवास के लिए शिविर



### 5 जनवरी तक 42 कैंपेन, संकल्प के साथ शपथ लेंगे

16 दिसम्बर को बूढ़ातालाब से कैंपेन की शुरुआत होगी जो कि 5 जनवरी तक चलेगा। इस दौरान 42 कैम्पेन होंगे। चिन्हांकित पथकर विक्रेताओं से ऑनलाइन आवेदन शिविर स्थल पर भरवाए जाएंगे। विभिन्न तरह के लोन स्वीकृति एवं वितरण के लिए लंबित प्रकरण वाले हितग्राही को कैम्प में बुलाकर उपस्थित बैंकों के माध्यम से ऋण वितरण कराया जाएगा। इसके साथ ही आधारकार्ड अपडेट करने, आयुष्मान कार्ड बनाने से लेकर पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, पीएम उज्ज्वला, पीएम मुद्रा लोन, स्टार्टअप इंडिया,पीएम आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत अभियान, पीएम भारतीय जनऔषधि परियोजना, हर घर जल, जन धन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी नागरिकों को दी जाएगी। विभिन्न विभागों के समन्वय के साथ यह कार्यक्रम आयोजित होगा।

## रेस्क्यू सेंटर में 20 वनभैंसा में से प्योर नस्ल का केवल एक छोटू बचा है

# चारे की कमी से उदंती रेस्क्यू सेंटर से 18 हाईब्रिड वनभैंसा बाड़ा तोड़कर भागे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उदंती वनभैंसा रेसक्यू सेंटर से एक साथ थोक में 18 वनभैंसों के बाड़ा तोड़कर भागने की घटना सामने आई है। वनभैंसों के भागने की वजह चारे की कमी बताई जा रही है। उदंती में प्योर नस्ल का केवल एक छोटू नामक उम्रदराज वनभैंसा है। इसके साथ ही बाड़े में रह रहे अन्य वनभैंसा हाईब्रिड हैं। गौरतलब है कि वन अफसर वनभैंसा सेंटर में आठ प्योर नस्ल के होने का दावा कर रहे थे। वनभैंसों के हाईब्रिड होने का खुलासा एक वन अफसर के पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ को पत्र लिखे जाने के बाद हुआ। गौरतलब है कि जू अथारिटी ने बाड़े में रह रहे हाईब्रिड वनभैंसा को लेकर आपत्ति की थी। इसके बाद वनभैंसा रेसक्यू सेंटर में रह रहे इन वनभैंसों को 10 अगस्त से फूड सप्लीमेंट जिसमें दलिया मक्का, विटामिन देना बंद किया गया। फूड सप्लीमेंट बंद करने के 21 दिन बाद उदंती के डिप्टी डायरेक्टर ने चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन को पत्र लिखकर बाड़े में रह रहे हाईब्रिड वनभैंसा को उनके प्राकृतिक रहवास में छोड़े जाने का अनुरोध किया। पत्र लिखने के कुछ दिन बाद ही किस्तों में हाईब्रिड वनभैंसा बाड़ा तोड़कर भागने लगे।

- उम्रदराज छोटू के अलावा हाईब्रिड प्रिंस, आनंद बाड़े में शेष रह गए

खास खबर



### प्योर नस्ल के वनभैंसा महाराष्ट्र में

सेंट्रल इंडिया में प्योर नस्ल के वनभैंसा महाराष्ट्र, गढ़चिरौली के कोलामारका कंजर्वेशन रिजर्व में है। गढ़चिरौली के वनभैंसा इंद्रावती नदी पार कर छत्तीसगढ़ प्रवेश कर जाते हैं। महाराष्ट्र के उन वनभैंसों को राज्य के वन अफसर छत्तीसगढ़ के वनभैंसा होने का दावा करते हैं। वर्तमान में यहां वनभैंसा पूरी तरह से विलुप्ति के कगार पर पहुंच गया है।

### बाड़े में लाया जाएगा

बाड़े से जो वनभैंसा भागे है, उन्हें रेस्क्यू कर पुनः बाड़े में लाया जाएगा। बाड़े से जो वनभैंसा भागे है, वो पूरी तरह से सुरक्षित तथा स्वस्थ्य है। साथ ही बाड़े के आसपास विचरण कर रहे है।

- सुधीर अग्रवाल, पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ

### अफसरों का दावा - बाड़े से भागे वनभैंसा आसपास विचरण कर रहे

*रेसक्यू सेंटर से भागे वनभैंसों को लेकर वन अफसरों से संपर्क किया गया, तो अफसरों का कहना था कि वनभैंसों को उनके प्राकृतिक रहवास में छोड़ना था। इस वजह से फूड सप्लीमेंट के साथ भोजन में कटौती की गई थी, जिससे वनभैंसा अपने प्राकृतिक रहवास में आसानी से रह सकें। अफसरों के अनुसार वनभैंसा रेस्क्यू सेंटर के आसपास ही विचरण कर रहे हैं। वनभैंसों के भाग जाने की बात उजागर होने के बाद अफसर उन हाईब्रिड वनभैंसों को पुनः रेस्क्यू कर लाने की बात कह रहे हैं।*

### जू अथारिटी ने आपत्ति व्यक्त की

*गौरतलब है कि असम से लाए गए पांच मादा वनभैंसों का उदंती वनभैंसा रेस्क्यू सेंटर में रह रहे सात नर वनभैंसों से ब्रीडिंग कराने वन अफसरों ने प्लान तैयार कर जू अथारिटी के पास भेजा। साथ ही जिन वनभैंसों के साथ क्रास कराना था, उनके नाम भी भेजे। वन अफसरों द्वारा भेजे गए प्लान पर जू अथारिटी ने कहा कि रेस्क्यू सेंटर में रह रहा छोटू नामक वनभैंसा ही प्योर नस्ल का है, बाकी सब हाईब्रिड है। इस वजह से असम से लाए गए वनभैंसों से इनकी ब्रीडिंग कराने अनुमति देने से इनकार कर दिया।*

### तीन लॉट में भागे वनभैंसा

*वनभैंसा रेस्क्यू सेंटर से वनभैंसा तीन अलग-अलग ग्रुप में भागे हैं। पहला ग्रुप फूड सप्लीमेंट बंद करने के 23 दिन बाद तीन सितंबर को भागे हैं। इसके बाद 24 सितंबर को तथा 17 अक्टूबर को हाईब्रिड वनभैंसे बाड़ा तोड़कर भागे हैं। वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी के मुताबिक रेस्क्यू सेंटर में हाईब्रिड वनभैंसा रंभा तथा मेनका नामक मादा वनभैंसे की संतान हैं। दोनों कथित मादा वनभैंसों को वन अफसर किसानों के यहां से जबरदस्ती लाए थे।*

### वृद्ध, बीमार वनभैंसा बाड़े में रह रहे

*बाड़े में प्योर नस्ल के वनभैंसा के अलावा दो हाईब्रिड वनभैंसा रह रहे हैं। उनमें छोटू की उम्र 23 वर्ष है, जो अपनी जिंदगी के अंतिम पड़ाव पर है। इसके साथ ही छोटू का एक वीरा नामक वनभैंसा से लड़ाई में आंख में गंभीर चोटें आई थी, जिसकी वजह से उसकी आंख की रोशनी चली गई है।*

### विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 16 दिसंबर से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू होगी। 26 जनवरी 2024 तक चलने वाली इस यात्रा के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर डा. सर्वेश्वर भुरे ने गुरुवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित सभाकक्ष में बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस संकल्प यात्रा के सफल एवं बेहतर आयोजन के लिए सभी तैयारियां समय के पूर्व करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरि कृष्ण जोशी, नगर के निगम के अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### अमानत में खयानत तीन के खिलाफ रिपोर्ट

*रायपुर। गुढ़ियारी थाने में एक हार्डवेयर कारोबारी ने अपने तीन कर्मचारियों के खिलाफ 40 हजार रुपए के हार्डवेयर सामान लेकर भागने पर अमानत में खयानत करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अमित अग्रवाल ने अपने कर्मचारी लक्ष्मी बघेल, वैभव सिंह ठाकुर तथा गिरधर बंजारे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।*

# राजधानी में आमापारा प्लाजा से आज निकलेगी गुरु घासीदास की भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गुरु घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर शहर में 16 दिसंबर को आमापारा प्लाजा से दोपहर 2 बजे 7 श्वेत ध्वजवाहक संतों की अगवाई में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें बड़ी संख्या में सतनामी के लोग परिवार के साथ शामिल होंगे। आकर्षक झांकियों के साथ पंथी नृत्य करते पंथी नर्तक दल के कलाकार यात्रा की शोभा बढ़ाते नजर आएंगे। इसके साथ ही धुमाल, डीजे और लोक कलाकारों की सांस्कृतिक झलकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। राजधानी में गुरु घासीदास की जयंती के मौके पर संतों की अगवाई में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें अखाड़ा दल का शौर्य प्रदर्शन देखने को मिलेगा।



यह शोभायात्रा आमापारा प्लाजा से होकर आजाद चौक, पुरानी बस्ती, बूढ़ापारा, महात्मा गांधी सदन होते हुए महिला थाना, मोतीबाग चौक से गुरु घासीदास चौक नगरघड़ी के पास समाप्त होगी। वहां सभी संतों की पूजा अर्चना और मंगल आरती के साथ अतिथियों का उद्बोधन होगा। इसके बाद शोभायात्रा में शामिल सर्वश्रेष्ठ 5 झांकियों को सम्मानित किया जाएगा। शोभायात्रा प्रमुखजन शकुन डहरिया, केपी खंडे, डॉ. जेआर सोनी, एसके सोनवानी, राजेंद्र भतपहरी, एलएल कोसले, सुंदर लहरे, सुंदर जोगी, डीएस पात्रे, चेतन चंदेल ने समाज जनों से आव्हान किया है परिवार के साथ श्वेत वस्त्र धारण कर शोभायात्रा में शामिल हों।

### 1994 से स्वर्गीय नरसिंग मंडल ने शुरू की शोभायात्रा

स्वर्गीय नरसिंग मंडल ने वर्ष 1994 में गुरु घासीदास जयंती पर शोभायात्रा प्रारंभ की। इस बार शोभायात्रा का 29वां वर्ष है। इसमें गुरु घासीदास के आदर्शों व जीवन संदेश को प्रदर्शित करती हुई आकर्षक झांकियां शामिल की जाती हैं।

### आरटीआई में ई-फाइलिंग सुविधा पर राज्य स्तरीय कार्यशाला



**रायपुर।** जन सूचना एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी ऑनलाइन पोर्टल में स्व पंजीयन अनिवार्य रूप से करें। जन सूचना एवं प्रथम अपीलीय अधिकारी ऑनलाइन सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत ई-फाइलिंग सुविधा एवं स्व पंजीयन विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को रायपुर स्थित सर्किट हाउस के ऑडिटोरियम में किया गया। राज्य सूचना आयुक्त मनोज त्रिवेदी, धनवेंद्र जायसवाल, आयोग के सचिव जीआर चुरेंद्र और राज्य शासन की नोडल अधिकारी एवं उपसचिव सामान्य प्रशासन मेरी खेस की उपस्थिति में इस कार्यशाला में राज्य के सभी जिलों के कलेक्टर कार्यालय एवं जिला पंचायत कार्यालय के नोडल अधिकारी उपस्थित हुए। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के अधिकारियों एवं एनआईसी के अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन पोर्टल में स्व पंजीयन एवं ई-फाइलिंग की सुविधा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में अधिकारियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया।

# अफसर का कारनामा, अश्लील वीडियो बनाकर करता रहा शारीरिक शोषण, साढ़े 18 लाख जमा पूंजी भी ले ली




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में एक ऐसा मामला पहुंचा है, जिसमें एक महिला ने एक अफसर के विरुद्ध अश्लील वीडियो बनाकर उसका शारीरिक शोषण करने के साथ उसकी साढ़े 18 लाख रुपए की जमा पूंजी छीन लेने की शिकायत दर्ज कराई है। अफसर पीएचई के सीई ऑफिस में कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ है। इस मामले की सुनवाई के दौरान पीड़िता ने अफसर के खिलाफ सारे सबूत होने की भी बात कहीं है, जिस पर आयोग ने महिला को आगामी सुनवाई में सबूत लाने के लिए कहा है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने गुरुवार को राजधानी स्थित कार्यालय में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने 35 प्रकरणों पर सुनवाई की। इसमें एक प्रकरण में एक महिला ने पीएचई के सीई ऑफिस में कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ अफसर पर शारीरिक शोषण और उसकी जमा पूंजी लेकर वापस नहीं करने की शिकायत की है। सुनवाई के दौरान महिला ने आयोग को बताया कि अनावेदक ने उसका शारीरिक शोषण किया, जिसका वीडियो रिकॉर्डिंग कर उसे वायरल करने की धमकी देकर लगातार उसका शोषण करता रहा। इस दौरान अफसर ने उसकी जमा पूंजी 18 लाख 54 हजार रुपए भी ले लिए और देने से इनकार करने लगा। महिला ने आयोग को बताया कि अफसर के खिलाफ उसके पास सारे सबूत हैं, जिसे वह आयोग के समक्ष पेश कर सकती है। इधर अफसर ने इस आरोप से इनकार किया है। आयोग ने इस प्रकरण की आगामी सुनवाई की तारीख 27 दिसंबर तय की है। इस सुनवाई में आयोग ने पीड़िता को सबूत लाने के लिए कहा है।

### पत्नी को भरण-पोषण के लिए दो लाख देगा पति, फिर होगा तलाक

आयोग में एक अन्य प्रकरण में पारिवारिक विवाद पर मायके में जाकर रहने वाली एक महिला ने पति को दहेज में दिए सारे सामान वापस कराने के लिए गुहार लगाई है। इस प्रकरण की सुनवाई के दौरान महिला ने बताया कि विवाह के बाद से उसका पति उसके साथ दुर्व्यवहार किया करता था, जिससे परेशान होकर वह अपने मायके जाकर रह रही है। महिला ने आयोग से दहेज में उसके पति को दिए गए सारे सामान वापस कराए जाने की मांग की। आयोग ने इसके बाद दोनों पक्षों के बीच काउंसिलिंग कराई, जिसके बाद अनावेदक पूरा सामान वापस करने के लिए राजी हो गया। आयोग ने सुनवाई के दौरान दोनों के बीच सुलह कराने का भी प्रयास किया, लेकिन दोनों ने इसके लिए तैयार नहीं होकर तलाक लेने की बात कही। इस पर आयोग ने फैसला सुनाया कि तलाक लेने से पहले अनावेदक को महिला के भरण-पोषण के लिए एकमुश्त में दो लाख रुपए देने होंगे। रुपए देने के बाद ही तलाक होगा।

## पानी की गुणवत्ता सुधरी या नहीं, रिपोर्ट माहांत तक

# 4 तालाबों के पानी को साफ करने 5 माह में 7 राउंड छोड़े गए बैक्टीरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के 4 तालाबों के पानी की गुणवत्ता जांचने और उसमें सुधार लाने नगर निगम ने पहली बार ई-बॉल तकनीक का उपयोग पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किया है। इसके लिए 5 महीने तक 7 राउंड में लाभदायक बैक्टीरिया व फंगस तालाबों के पानी को साफ रखने डाले गए।

इसकी जांच रिपोर्ट इसी माह आ रही है, जिससे यह तय होगा कि ई-बाल तकनीक शहर के तालाबों को प्रदूषण मुक्त बनाने में कितनी सफल रही। दरअसल, राजधानी के कई तालाबों के सौंदर्यीकरण और उसे जलीय वनस्पति, जलकुंभी मुक्त करने रायपुर नगरनिगम और रायपुर स्मार्ट सिटी ने योजना बनाकर करोड़ों रुपए खर्च किए, लेकिन गंदगी के कारण इन तालाबों का पानी निस्तारी लायक नहीं है। महाराजबंद तालाब, बूढ़ातालाब, कटोरातालाब, कारी तालाब, रोहणीपुरम तालाब, कंकाली तालाब सहित कई तालाब इसमें शामिल हैं। ऐसे में नगर निगम ने राजधानी के 4 प्रमुख कंकाली तालाब, रोहणीपुरम, कारी तालाब और कटोरातालाब को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लिया है। इसमें सफेद गोलीनुमा ई - बॉल डालकर पानी को शुद्ध करने की शुरुआत 5 माह पहले की गई। प्रति एकड़ 80 ई-बॉल तालाब में डालने मात्रा तय हुई। इन तालाबों में ई-बॉल के माध्यम से काम कराने का जिम्मा जोन कमिश्नरो को मिला है। 1 साल की समय अवधि के इस प्रोजेक्ट की पहली रिपोर्ट माहांत तक जारी होगी।



# भनपुरी, गोगांव, गुढ़ियारी में अलाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में ठंड को देखते हुए नगर निगम ने सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की है। जोन 1 क्षेत्र के भनपुरी, गोगांव, गुढ़ियारी मुख्य मार्ग के किनारे लोगों को ठंड से राहत दिलाने अलाव जलाए गए हैं। इसी तरह जोन 7 क्षेत्र के कबीर चौक रामनगर सुलभ के समीप, अग्रसेन चौक स्थित श्रीगणेश मन्दिर के समीप अलाव की व्यवस्था किए जाने से लोगों को राहत मिली है। आयुक्त के निर्देश पर 10 जोन के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर ठंड को देखते गोकाष्ठ और कंडे का प्रबंध जोन स्तर पर किया जा रहा है।

### निगम का रात्रिकालीन विशेष सफाई अभियान

नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर स्वच्छता कायम करने रात्रिकालीन सफाई का विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें नगर निगम से अनुबंधित कंपनी ग्लोबल ग्रुप अलग-अलग रूट में रोड स्वीपिंग मशीन से प्रमुख मार्गों पर जमी धूल को साफ कर सड़क की धुलाई करने लगाई गई है। गुरुवार को जीई रोड स्थित एनआईटी के सामने साइंस कॉलेज खेल मैदान मार्ग, आमानाका मार्ग की रात्रिकालीन सफाई की गई। नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर सभी जोन में जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, स्वच्छता अधिकारी रात्रिकालीन सफाई के विशेष अभियान की प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर रहे है। जोन 1 के गुढ़ियारी मार्ग श्रीनगर सहित विभिन्न मार्गों और बाजार क्षेत्र में सफाई मित्रों को रात्रिकालीन सफाई कार्य में लगाया गया है। कचरा एकत्रीकरण कर उसके उठाव की व्यवस्था की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

### संशोधन पीड़ित शिक्षकों ने की मांग

**भिलाई।** नवीन शिक्षक संघ छग के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत ने संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर एवं सयुंक्त संचालक रायपुर, सरगुजा, बस्तर,बिलासपुर व दुर्ग शिक्षा संभाग से जल्दी ही न्यायालय के निर्देशानुसार पदोन्नत प्राप्त संशोधन पीड़ति शिक्षकों को संशोधित शालाओं मे कार्यभार ग्रहण करवाकर रुके हुए तीन माह का वेतन भुगतान करने की अपील की है। संविदा मे पदस्थ पूर्व प्रमुख शिक्षा सचिव के द्वारा न्यायालय के आदेश के गलत व्याख्या कर संशोधन पीड़ति शिक्षकों को काउंसलिंग वाले स्कूलो मे कार्यभार ग्रहण करने के लिए दिशा निर्देश जारी कर न्यायालय का अवहेलना करते हुए 2733 संशोधन पीड़ति शिक्षकों के साथ अन्याय किया गया है जिसके कारण संशोधन पीड़ति सभी शिक्षकों को तीन माह से वेतन नहीं मिला है।

**बैठक**

**शाम चार बजे पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज शाम होगा आगाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

■ तैयारियों को लेकर भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव ने वर्चुअल बैठक

भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव ग्रामीण पंचायत सी.एस. कुमार ने राजधानी रायपुर के चिप्स कार्यालय के वीसी कक्ष से विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। भारत सरकार द्वारा सी.एस. कुमार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के छत्तीसगढ़ प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में कलेक्टर पी.एस. एल्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, अपर कलेक्टर द्वय डॉ. अनिल बाजपेयी, सी.एल. मार्कण्डेय, उप संचालक कृषि, जिला खाद्य अधिकारी नितीष त्रिवेदी, उप संचालक महिला एवं बाल विकास बी.डी. पटेल सहित विभिन्न विभागों के नियुक्त प्रभारी अधिकारी वर्चुअल जुड़े।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के छत्तीसगढ़ प्रभारी अधिकारी सी.एस. कुमार ने



कहा कि शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली से शाम 4 बजे इस अभियान को हरी झंडी दिखायेंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी जिलों से जुडेंगे। उन्होंने भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं के सैचुरेशन के लिए आटरीच गतिविधियों के प्रचार एवं जागरूकता बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन की तैयारियों की जिलेवार जानकारी ली।

### जिला स्तर पर समिति गठित

कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने जिले में विकास भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तर पर समिति का गठन कर लिया गया है। विकासखंड स्तर पर कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड आदि के शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। दिशा-निर्देशों के तहत आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वैन के लिए रूट चार्ट तैयार कर लिया गया गया है। नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में और तेजी से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

### केन्द्रीय योजनाओं की दी जानकारी

श्री कुमार ने भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं आयुष्मान भारत, पीएजेएवाई, प्रधानमंत्री बालिका कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रीण आजीविकास मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, (ग्रामीण) प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, नौनो उर्वरक आदि की संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को इन योजनाओं से जोड़ना कार्यक्रम का उद्देश्य है। सभी पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार की योजनाओं का लाभ मिले यह भी सुनिश्चित करना है।

# घरों में पानी पहुंचाने किया टंकी निर्माण का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुसुमकसा

जल जीवन मिशन हर घर नल योजना के तहत ग्राम पंचायत कुसुमकसा के गैरेजपारा में नवीन पानी टंकी निर्माण का भूमिपूजन देवलाल ठाकुर प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवराम सिन्द्राम सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा व संजय बैस जनपद सदस्य ,अनिल सुथार पूर्व जनपद सदस्य , दीपक यादव नितिन जैन ,जयेश ठाकुर के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ धरती मां की पूजा अर्चना व दीप प्रज्वलित कर व गैंती चलाकर किया गया। देवलाल ठाकुर ने भारत के प्रधानमंत्री के द्वारा घर-घर मे पानी पहुंचाने की योजना के तहत जल ग्रह मिशन के तहत ग्राम में नवीन पानी टंकी व नवीन पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रत्येक ग्राम में किया जा रहा है। ग्राम कुसुमकसा में आज उक्त योजना के तहत पानी टंकी निर्माण का भूमिपूजन किया गया। टंकी निर्माण होने से गांव के प्रत्येक घरो में नलों के माध्यम से शुध्द जल पहुंचेगा ।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर मनीष जेठवानी ,अकील खान नरेंद्र सिंह परिहार ,शकुंतला शर्मा ,दुर्गा राजभोज,फलेश राजभोज, पुष्पा धनकर ,सविता राजभोज ,साहिशता बेगम उपस्थित थीं।

# एनएसएस छात्रों ने ग्रामीणों को बताया एड्स के कारण व बचाव के उपाय



■ एड्स जागरूकता के लिए पाम्पलेट बांटे और नाटक का मंचन किया

**अंडा।** स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम दुर्ग में राष्ट्रीय सेवा योजना में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर रेडरीबन/रेडक्रॉस क्लब के स्वयंसेवकों के द्वारा श्रीमती अंजु रानी ठाकुर के मार्गदर्शन में ग्राम आमटी में एड्स जागरूकता पर पैंपलेट बांटकर एवं नाट्य मंचन करके प्रचार किया गया। इसमें इस बीमारी के कारण एवं बचने के उपाय को सारगर्भित तरीके से प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1097 का प्रसार गांव में किया गया। रासेयो प्रभारी वेदप्रकाश ठाकुर ने रेडरिबन के छात्र-छात्राओं के प्रयास की सराहना की। मार्शल आर्ट विशेषज्ञ वासु चंद्रकार ने स्वयंसेवकों को आत्म रक्षा हेतु छात्रों को प्रशिक्षण दिया । इस अवसर पर थाना अंडा एसआई सुन्दर लाल नेताम, चन्द्राकर और महविद्यालय के प्राध्यपाक पूजा सोढ़ा आदि उपस्थिति थे।











